# समस्याओं के निस्तारण को मोबाइल नम्बर जारी

## नगर आयुक्त के निर्देश पर शहर में कराया गया सेनेटाइजेशन

**शाहजहांपुर।** कोविड-१९ के बढ़ते संक्रमण के दृष्टिगत लॉकडाउन के कारण आम जनमानस को नगर निगम द्वारा दी जाने वाली सेवाओं से सम्बंधित समस्याओं को लेकर कार्यालय में उपस्थित नहीं हो पा रहे हैं, जिसके कारण उनकी समस्याओं का निस्तारण नहीं हो रहा है। आम जनमानस की समस्याओं को ध्यान में रखते हुये नगर आयुक्त के निर्देश पर टेलिफोन के माध्यम से दर्ज कराने हेतु नगर निगम, शाहजहॉपुर द्वारा कार्यालय परिसर में कन्ट्रोलरूम की स्थापना की गयी है, जो प्रातः ८ से रात्रि ८ बजे तक संचालित है। कन्ट्रोलरूम के टेलिफोन नम्बर ०५८४२ २२५४३७ तथा मोबाईल नम्बर ७३५५००३८८२ पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। यदि इस नम्बर पर शिकायत दर्ज कराने उपरान्त किसी कारणवश समस्या का समाधान नहीं हो पाता है, तो इन मोबाईल नम्बरों पर सम्पर्क कर समस्यओ का समाधान कराया जा सकता है- निर्माण सम्बंधी मुख्य अभियन्ता सिविल ९९३९७३७४७४, अधिशासी अभियन्ता सिविल ९३९३८८९३४५, सहायक अभियन्ता ८३१७०८४४८७, कर सम्बंधी मुख्य कर निर्धारण अधिकारी ८२७९४८५७७४, सफाई/सेनेटाइजेशन सम्बंधी नगर स्वास्थ्य अधिकारी ९४१५०८७३९५, सेनेटाइजेशन/फागिंग सम्बंधी सहायक नगर आयुक्त ९४५१२४८७७०, मार्ग प्रकाश सहायक नगर आयुक्त ७३५५३३४१०६, सहायक अभियन्ता ८७३६०९४९६८, प्रकाश अधीक्षक ९३०५१४५६५५, जलापूर्ति सम्बंधी अवर अभियन्ता, ८००६३३३१४०, अवर अभियन्ता ९३५०४५२७५२। यदि इन नम्बरों पर भी समस्या का समाधान न हो सके तो अपर नगर आयुक्त के मुबाईल नम्बर ९४१५५०००२२ से सम्पर्क कर समस्या का निस्तारण कराया जा सकता है। **उधर,** कोरोना के दृष्टिगत नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के निर्देश पर नगर निगम द्वारा चरणबद्ध तरीके से सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है,जिसके अन्तर्गत शहर के विभिन्न मोहल्लों में सेनेटाइजेशन कराया गया। नगर आयुक्त ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं सफाई निरीक्षको को निर्देशित किया कि नालो की सफाई तलीझाड़ होना चाहिये और जो नाले से मलबा निकले उसे उठवा कर उसका तत्काल निस्तारण भी कराया जाना सुनिश्चित करें। जिससे आमजन को आवागमन में कठिनाई न उत्पन्न हो।